# कार्यालयः– जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा

## विज्ञापन संख्याः– 03 / DLSA / 2024

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के पत्रांकः 3529, दिनांकः 22 / 11 / 2024 के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा में 10 (दस) पारा लिगल वोलेंटियर का चयन केवल **कार्यरत या सेवानिवृत शिक्षक, कार्यरत या सेवानिवृत चिकित्सक तथा कार्यरत या सेवानिवृत सेना के जवान एवं ट्रांसजेंडर (Transgender)** में से किया जाना है।

महत्वपूर्ण निर्देशः–

1. पारा लिगल वोलेंटियर का चयन केवल कार्यरत या सेवानिवृत शिक्षक, कार्यरत या सेवानिवृत चिकित्सक तथा कार्यरत या सेवानिवृत सेना के जवान एवं ट्रांसजेंडर (Transgender) में से किया जाएगा।
2. आवेदक की न्यूनतम आयु 01 / 01 / 2024 तक 18 वर्ष होनी चाहिए।
3. आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक के साथ अच्छे नैतिक चरित्र का होना अनिवार्य है एवं किसी आपराधिक मामले या किसी राजनीतिक संगठन के साथ संबंध नहीं होना चाहिए।
4. आवेदक को हस्त लिखित आवेदन दिये गये प्रारूप में दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ (एक आवेदन में चिपकाये जाने के लिए) के साथ आवेदन करना अनिवार्य है और आवेदन को **सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा** (व्यवहार न्यायालय परिसर) के पते पर कार्यालय अवधि में पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक दिनांक 03 / 12 / 2024 से 06 / 12 / 2024 तक निबंधित डाक द्वारा अथवा हाथों हाथ जमा करना होगा।
5. अपूर्ण या अधूरे भरे आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. पारा लिगल वोलेंटियर के रूप में कार्य हेतु करूणा, सहानुभूति और तत्परता के साथ जरूरतमंदो की सहायता करने के लिए एवं समाज के कमजोर वर्गो के उत्थान की मानसिकता होनी चाहिए।
7. पारा लिगल वोलेंटियर को उसके कार्य हेतु किसी प्रकार का वेतन / मेहताना एवं मजदूरी प्रदान नहीं किया जाता है किन्तु उसे समय–समय पर झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा उचित मानदेय प्रदान किया जाता है।
8. पारा लिगल वोलेंटियर के लिए चुने गये उम्मीदवारों को आमजनों और कानूनी सेवा संस्थानों, सरकारी कार्यालयों के बीच सेतु के रूप में कार्य करना होगा और उसे जिले की स्थानीय भाषाओं की जानकारी होनी चाहिए।
9. आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, जन्म तिथि इत्यादि के समर्थन में प्रमाण पत्रों एवं पहचान पत्र आधार कार्ड / वोटर कार्ड आदि की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ जमा करना होगा।
10. आवेदक को लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से लिखना होगा कि आवेदन पारा लिगल वोलेंटियर के हेतू समर्पित किया जाता है।
11. किसी भी तरह की अन्य जानकारी के लिए व्यवहार न्यायालय, चाईबासा की वेबसाइट https://chaibasa.dcourts.gov.in/ पर देख सकते है।

### पारा लिगल वोलेंटियर हेतू आवेदन प्रपत्र

1. अभ्यर्थी का नामः–
2. पिता / पति का नामः–
3. माता का नामः–
4. जन्म तिथि, दिन / माह / वर्षः–
5. लिंगः–
6. जातिः–
7. जन जाति / स्थानीय भाषा का ज्ञानः–
8. उच्चतम शैक्षणिक योग्यताः–
9. वर्तमान या पूर्ण सेवा का विवरणः–
10. स्थानीय पता और संपर्कः–
11. स्थायी पताः–
12. मोबाईल संख्याः–
13. हस्ताक्षरः–
14. दिनांक एवं स्थानः–

ह0
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा